तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 6 नवम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 तेज रफ्तार ऑटो नाले में गिरा, 2 की मौत



### 20 नवम्बर को होगा कार्यक्रम, तैयारियां शुरू

# जनजातीय गौरव दिवस के समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 20 नवंबर को सरगुजा आ रही है। राष्ट्रपति राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी है। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर गांधी स्टेडियम मैदान में उतरेगा जबकि कार्यक्रम शहर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान राष्ट्रपति लगभग एक घंटे तक सरगुजा में रुकेंगी और जनजातीय समुदाय से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी।

**खास बात**
- गांधी स्टेडियम में उतरेगा हेलीकॉप्टर

बता दें कि 20 नवम्बर को सरगुजा में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी समाज के उत्थान हेतु आयोजित इस कार्यक्रम को वृहद पैमाने कर आयोजित किया जा रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू पहली बार सरगुजा आ रही है। ऐसे में छग शासन और जिला प्रशासन द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू की मौजूदगी में जनजातीय गौरव दिवस का समारोह पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा हेलीपैड के लिए गांधी स्टेडियम मैदान का चयन किया गया है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का हेलीकॉप्टर गांधी स्टेडियम ग्राउंड में उतरेगा और उसके बाद वे कड़ी सुरक्षा वयवस्था के बीच पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन हेतु जिला प्रशासन द्वारा अपर कलेक्टर सुनील नायक को नोडल अधिकारी बनाया गया है जबकि सीईओ जिला पंचायत विनय अग्रवाल व एसी ट्राइबल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।


गांधी स्टेडियम मैदान।

### सरगुजा आने वाली मुर्मू दूसरी राष्ट्रपति

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू सरगुजा आने वाली दूसरी राष्ट्रपति है। इसके पहले देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अविभावित सरगुजा आ चुके है। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले पंडोनगर आए थे। इस दौरान उनके लिए पंडोनगर में एक राष्ट्रपति भवन भी तैयार किया गया था। सरगुजा में रुकने के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रसाद ने पंडो और कोरवा समाज के लोगों को गोद लिया था। वहीं अब स्वयं आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सरगुजा आ रही है। ऐसे में आदिवासी समाज में खासा उत्साह है और 20 नवम्बर को लगभग एक लाख लोगों के सरगुजा आने की संभावना जताई जा रही है।

### चल रही है तैयारियां

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आगमन 20 नवंबर को प्रस्तावित है। इस दौरान राष्ट्रपति राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के समरोह में शामिल होंगी। मुख्य कार्यक्रम पीजी कॉलेज मैदान में होगा जबकि हेलीपैड के लिए गांधी स्टेडियम का चयन किया गया है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां चल रही है।

-सुनील नायक, अपर कलेक्टर



### इन कार्यक्रमों में होंगी शामिल



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू लगभग एक घंटे तक सरगुजा में रहेंगी। इस दौरान वे राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के समारोह में शामिल होंगी। इस दिन पीजी कॉलेज मैदान में गौरव दिवस के अवसर पर जनजातीय समूह के विभिन्न लोक नायक, जननायक के साथ ही उनके परिवार जन के सम्मान का समारोह प्रस्तावित है। इसके साथ ही इसी दिन उत्तर क्षेत्रीय करम महोत्सव का समापन, शहीद वीर नारायण सिंह लोक महोत्सव के तहत नृत्य प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी प्रस्तावित किया गया है। पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह के दौरान मुख्यमंत्री अखरा विकास योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही बैगा, गुनिया और हठजोड़ लोगों के लिए डीबीटी योजना का शुभारंभ कार्यक्रम भी प्रस्तावित किया गया है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में जनजातीय समुदाय से जुड़े अन्य कार्यक्रम भी शामिल हो सकते है हालांकि कार्यक्रम 20 नवंबर को है ऐसे में फिलहाल तैयारियां प्रारंभिक चरण में है और आने वाले दिनों में तैयारियां वृहद रूप लेती नजर आएंगी।

## परिजन जिस युवक का किया अंतिम संस्कार उसने घर आकर बताया मैं जिंदा हूं..

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

घर के किसी सदस्य की मौत हो जाए तो उस घर के परिजन पर क्या बीतती होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। ऐसे में अगर परिजन परिवार के जिस सदस्य का अंतिम संस्कार कर आगे के कार्यक्रम की तैयारी कर हो और उसी समय वही युवक घर आकर परिजन को यह बताए कि वह जिंदा है तो परिवार की खुशी का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुछ तरह की घटना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम चंदरपुर में हुई जहां तीन दिन पूर्व कुएं में मिले शव को परिजन ने अपने परिवार के सदस्य के रूप में पहचान का अंतिम संस्कार कर दफना दिया वही वह तीसरे दिन घर लौट आया। इधर पुलिस ने अब नए सिरे से मृतक की पहचान कराने में जुट गई है।



- गांव में बना चर्चा का विषय, अब पुलिस नए सिरे से शुरू की मृतक की पहचान

घटना शनिवार की है जहां चंदरपुर गांव के सीमा मानपुर के पास एक कुएं में अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस ने जब शव का शिनाख्त कराया तो चंदरपुर गांव के पुरुषोत्तम के रूप में परिजन ने पहचान की। परिजन घटना के दूसरे दिन रविवार को शव को ले जाकर दफन कर अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार तीसरे दिन के कार्यक्रम की तैयारी परिजन कर रहे थे तभी पुरुषोत्तम खुद घर पहुंच गया। मृतक को जिंदा देख परिजन के साथ पूरा गांव हैरान रह गया। पुरुषोत्तम ने बताया कि वह परिजन को बिना बताए अंबिकापुर अपने रिश्तेदार के पास काम की तलाश में चला गया था। जब उसके रिश्तेदारों को पुरुषोत्तम के अंतिम संस्कार की बात पता चली तो उसे लेकर घर पहुंचे। फिलहाल अब कोतवाली पुलिस अज्ञात मृतक के परिजन की तलाश शुरू कर दी है।

इस संबंध में एएसपी संतोष महतो ने बताया कि शनिवार को मानपुर गांव में एक व्यक्ति का शव मिला था। शव का शिनाख्त कराने पर चंदरपुर निवासी परिजन ने शव की पहचान पुरुषोत्तम के रूप में किया। परिजन शव लेकर चले गए और दफना कर अंतिम संस्कार किया। इसी बीच तीसरे दिन बाद पता चला कि पुरुषोत्तम को कहीं देखा गया है।

इसी बीच पुरुषोत्तम घर आया गया और बताया कि वह काम की तलाश में गया था। पुलिस ने पास मृतक के पहचान के लिए फोटो सहित अन्य सामान है। अब नए सिरे से मृतक की पहचान कराई जा रही है।

SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### नई जगह पर ज्वाइन नहीं किया, पटवारी निलंबित

**राजपुर।** भारमुक्त किए जाने के बाद भी नवीन पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग नहीं देने वाले पटवारी के खिलाफ कलेक्टर ने कड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही और स्वेच्छाचारिता के लिए कलेक्टर ने पटवारी पप्पू सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिला कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसील राजपुर में पदस्थ पटवारी पप्पू सोनी 6 अक्टूबर के आदेश से तहसील सामरी में पदस्थ किया गया था। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद 9 अक्टूबर को पटवारी पप्पू सोनी को राजपुर से विधिवत भारमुक्त भी कर दिया गया था। बावजूद इसके उन्होंने 4 नवम्बर तक अपने नवीन पदस्थ स्थान सामरी में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। अधिकारियों ने इसे वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की स्पष्ट अवहेलना माना है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि श्री सोनी का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1), 3(2) एवं 3(3) का उल्लंघन है। अतः नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री सोनी का मुख्यालय तहसील कार्यालय कुसमी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### शिक्षकीय कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक निलंबित

**वाड्रफनगर।** स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के मामले में लापरवाही करने वाले सहायक शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला धनजरा में पदस्थ सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल के खिलाफ शिकायत की गई थी कि वे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ ही कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे है। शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ वाड्रफनगर को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच प्रतिवेदन के अनुसार सुनील कुमार पटेल के विरूद्ध अधिरोपित आरोपों की पुष्टि हुई एवं संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर काफी कम होना पाया गया है। सुनील कुमार पटेल द्वारा पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है जिसके लिए सुनील कुमार पटेल का छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम- (1) (2) (3) के विपरीत होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी एमआर यादव द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पटेल का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्रपुर में निर्धारित किया गया है।

## बाइक चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार खरीददार समेत पकड़े गए 5 आरोपी

**अंबिकापुर।** गांधीनगर पुलिस ने दो पहिया वाहनों की चोरी के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले तीन खरीददार समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी के तीन बाइक और एक स्कूटी बरामद किया है।

- पुलिस ने तीन बाइक और एक स्कूटी किया बरामद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजपुर के बरियों अंतर्गत ग्राम अमड़ीपारा निवासी डिहल राम टेकाम 1 अक्टूबर को पकड़ा लेने के लिए विशाल मेगा मार्ट गया था और बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 8418 को पार्किंग में खड़ी कर अंदर चला गया था। युवक जब कपड़े लेकर बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी। वहीं एक अन्य मामले में तुर्रापानी निवासी श्रीमती नीतू सिदार 23 अक्टूबर को अपनी स्कूटी सीजी 15 ईई 7425 को घर के आंगन में खड़ी कर सोने चली गई थी। महिला जब सुबह उठी तो उसकी स्कूटी चोरी हो गई थी। इन दोनों मामलों की शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। युवक की पहचान एमपी के सिहोर जावर बरझापूरा निवासी 30 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा आ. शांतिलाल विश्वकर्मा के रूप में की गई। आरोपी शहर के मठपारा में रहकर अपने साथी दिलभदर यादव के साथ लगातार दो पहिया वाहनों की चोरी को अंजाम दे रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी राहुल विश्वकर्मा अपने साथी दिलभदर यादव के साथ मिलकर विशाल मेगा मार्ट के अतिरिक्त मिशन अस्पताल के पास से हीरो स्प्लेंडर बाइक, सूरजपुर कलेक्टर ऑफिस से एनएक्सजी बाइक व तुर्रा पानी से स्कूटी चोरी करने व बाइक को धर्मेन्द्र यादव, राजकुमार बड़ा व निरंजन मंडल को बिक्री करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने प्रकरण में मणीपुर थाना अंतर्गत सुन्दरपुर निवासी 40 वर्षीय दिलभदर यादव आ. देवसाय यादव, सत्तीपारा निवासी 24 वर्षीय धर्मेन्द्र यादव उर्फ विक्कू आ. लवराम यादव, राजपुर गोपालपुर निवासी 35 वर्षीय राजकुमार बड़ा आ. दल्लू राम व डिगमा निवासी 55 वर्षीय निरंजन मंडल आ. महादेव मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से एक स्कूटी और तीन बाइक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 303(2), 3(5), 61 (2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## न्यायालय भवन निर्माण को लेकर अधिवक्ता संघ के आंदोलन को मिला पूर्व डिप्टी सीएम का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण हेतु स्थल चयन को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का भी समर्थन मिला है। मौजूदा न्यायालय परिसर में ही जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण के समर्थन में पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने सरगुजा कलेक्टर को पत्र लिखा है। व्यापक जनहित को देखते हुए जिला न्यायालय के नए भवन का निर्माण और विस्तार मौजूदा स्थान पर करना व्यवहारिक होगा। अपने पत्र में उन्होंने यह लिखा है कि वर्तमान न्यायालय भवन कलेक्टोरेट के बगल में है। कलेक्टोरेट में विभिन्न राजस्व न्यायालयों के साथ ही साथ कुटुंब न्यायालय और उपभोक्ता फोरम भी मौजूद है। सरगुजा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से न्यायालयीन और प्रशासनिक कार्य के लिये आने वाले लोगों की सुविधा के अनुसार जिला न्यायालय भवन आदर्श स्थिति में है। यह स्थान प्रतीक्षा बस स्टैंड के बिल्कुल पास है। यहाँ तक लोगों को पैदल चलकर आने में कोई असुविधा नहीं है। साथ ही आवागमन के साधन भी सहज उपलब्ध हैं। इस न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं के पक्ष को रखते हुए उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ता के साथ ही अधिवक्ता संघ एवं अन्य संगठन भी ग्राम चठिरमा में नवीन न्यायालय भवन के निर्माण के लिए भूमि आबंटन का एकमत से विरोध कर रहे हैं। वे मौजूदा स्थल पर ही नवीन न्यायालय भवन के निर्माण की व्यवहारिकता को बेहतर तरीके से समझते हैं। नवीन न्यायालय भवन के लिए पूर्व में यह सुनिश्चित किया गया था कि परिसर से लगी गुलाब कालोनी जो शासकीय कालोनी है को हटाकर निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व में तय व्यवस्था के अनुसार मौजूदा स्थान पर ही नवीन न्यायालय भवन का निर्माण प्रारंभ करे।

- पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने लिखा कलेक्टर को पत्र



## ऑटोडील दुकान का ताला तोड़कर नकदी और बाइक की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। बीती रात भी चोरों ने शहर के ब्रम्ह रोड में एक ऑटो डील दुकान में बाइक व नगदी की चोरी की है। बताया जा रहा है कि शहर के ब्रम्ह रोड में सरफराज अहमद की ताहिर ऑटो डील के नाम से पुरानी बाइक की दुकान है। मंगलवार को सरफराज की दुकान बंद थी। बुधवार की सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे में कुछ चोर कैद हुए है। चोर लगभग 1.40 बजे दुकान में पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर घुसे। लगभग एक घंटे तक चोर आस पास घुमते रहे और एक बाइक के साथ ही 70 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए। बड़ी बात यह है कि इस क्षेत्र में चोरी का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व 28 अक्टूबर को भी बुधवार की रात चोरों ने मकान मालिका अश्वनी कुमार के घर में 45 हजार रुपए और पास में मौजूद मोहम्मद सईद की दुकान से लगभग 80 हजार रुपए का ताम्बे का तार चोरी किया था। चोर मंगलवार को दुकान बंद होने का फायदा उठाकर चोरी कर रहे है। संचालकों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है लेकिन आरोप है कि पुलिस इस मामले में गंभीर नहीं है। चोर लगातार बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे है जबकि पुलिस शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रही है।

- मंगलवार को दुकान बंद होने का फायदा उठाकर क्षेत्र में कर रहे चोरी

## धूमधाम से मनाया गया सिख समाज के पहले गुरु श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिख समाज के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव का 556 वां प्रकाश पर्व जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके साथ समाज के वरिष्ठों ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। वहीं गुरुद्वारे में अटूट लंगर बरताया गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख समाज के साथ भी विभिन्न धर्म समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में माथा टेककर अपने व अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। बता दें कि सिख समाज के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 556 वां प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रकाश पर्व के अवसर पर समाज के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जबकि 3 नवंबर को शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई थी। शोभा यात्रा का शहर में जगह जगह स्वागत किया गया। इसके साथ ही बुधवार को गुरुनानक देव जी के 556 वां प्रकाश पर्व के अवसर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। सुबह से ही संगतजन गुरुद्वारा साहिब पहुंचने लगे और पूरा परिसर जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के ⏭ शेष पेज 4 पर

- शबद कीर्तन के साथ ही बरताया गया अटूट लगंर, हुए विभिन्न कार्यक्रम

### प्रकाश पर्व पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरूद्वारे में मत्था टेक की मंगलकामना की अरदास

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में पहली पातशाही श्री गुरुनानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। बुधवार को प्रातः काल से ही साध संगत द्वारा गुरुद्वारा प्रांगण की साजो सजावट समेत लंगर की सेवा की तैयारी की जाती रही। दो दिन पूर्व निशान साहेब की सेवा अमरजीत खेड़ा परिवार एवं समूह साध संगत के सहयोग से सम्पन्न हुई। सोमवार को ही गुरुद्वारा साहेब में अखण्ड पाठ रखाया गया जिसकी समाप्ति तीसरे दिन बुधवार को करीब 12.30 बजे सम्पन्न हुई। तत्पश्चात रागी जत्था ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत, अजीत सिंह प्रीत व जसबीर सिंह द्वारा गुरबाणी रूपी कीर्तन कर संगत को निहाल किया एवं पहली पातशाही श्री गुरुनानक देव जी द्वारा किये गये धर्म स्थापना, मानवता के प्रति प्रेम, एकता, समानता, भाईचारा के लिए योगदान एवं एक परमात्मा के दिए गये संन्देश के बारे में कथा सुनाकर संगत को स्मरण कराया गया। प्रकाश पर्व मनाने के लिए सम्पूर्ण गुरुद्वारा प्रांगण की फूलों से विशेष सजावट की गई। बुधवार को सैकड़ों की संख्या में सिक्ख समाज, सिंधी समाज समेत अन्य समाज के लोगों ने गुरुद्वारा साहेब पहुंच श्री गुरुग्रन्थ साहेब जी के समक्ष मत्था टेककर मंगलकामना की अरदास की। अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर चलाया गया जिसे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह, जसबीर सिंह, मंजीत सिंह भामरा, रणबीर सिंह भामरा, सुखदेव सिंह, सुरजीत सिंह चावला, बखशीश सिंह मान, अवतार सिंह मान, इन्दरराज भामरा, मनी बग्गा, प्रिंस ढिल्लों, मनप्रीत सिंह सोहल, गुरविंदर माखीजा, धनवीर खेड़ा, गगनदीप सिंह बग्गा, इकजोत सिंह बग्गा, गुरदीप माखीजा, मंजीत सिंह नारु सक्रिय रहे।

- प्रकाश पर्व पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरूद्वारे में मत्था टेक की मंगलकामना की अरदास
- भक्तिभाव के साथ शबद कीर्तन का आयोजन, श्रद्धालुओं ने छका गुरु का लंगर



**सूरजपुर कलेक्टर, एसपी व अन्य अधिकारियों ने भी प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा पहुंच माथा टेका, प्रबंधन कमेटी ने किया सम्मानित-** श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के दिन बुधवार की शाम सूरजपुर कलेक्टर एस.जयवर्धन,एस.एस.पी प्रशांत ठाकुर,जिला पंचायत सीईओ विजेंदर पाटले, एसईसीएल महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने भी गुरुद्वारा साहेब पहुंचकर मत्था टेक हाजिरी भरी एवं गुरु का लंगर भी छका, इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने उपस्थित अधिकारियों को सरोपा भेंट कर उनको सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### चार चरणों में होंगे विविध कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के निर्देश पर कोरिया जिले में वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ वर्ष 2025-26 के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक, शैक्षणिक और जनसहभागिता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संस्कृति एवं राजभाषा विभाग ने समस्त जिला कलेक्टर्स को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रमों का शुभारंभ 7 नवंबर को राष्टीय स्तर पर होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन दूरदर्शन के माध्यम से सुबह 10 से 11 बजे तक प्रसारित किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे राज्य में एक साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। संबंधित कार्यालयों, विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रसारण सुनिश्चत करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में कार्यक्रमों का आयोजन चार चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण व समापन सप्ताह 1 से 7 नवंबर 2026 को होगा।

### जिला विकास सलाहकार समिति का हुआ गठन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। अनूपपुर जिले में गठित समिति के उपाध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री होंगे। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद, जिले के समस्त विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष तथा सभी नगरपालिका/नगर परिषद अध्यक्ष सहित जिले के उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाजसेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधियों को समिति के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### 55 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने 55 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

### 14 महिलाएं घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी, पटना थाने में मामला दर्ज

# तेज रफ्तार ऑटो नाले में गिरा, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


नाले में घुसा आटो।

कोरिया जिले के पटना थानांतर्गत एक दर्जन से अधिक महिलाओं से भरी ऑटो एक नाले में तेज रफ्तार से जा गिरी। इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं सभी घायलों को जिला अस्पताल बैकुंठपुर में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां एक अन्य महिला की भी मौत हो गई। इस मामले में एक मृतक महिला के पुत्र के शिकायत पर पटना पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 106 1, 125 ए, 281, तथा एमव्ही एक्ट की धारा 184 तहत मामला दर्ज लिया।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार घटना 3 नवंबर सोमवार की रात्रि घटित हुई। शिकायतकर्ता मुकेश सिंह ने पुलिस को बताया कि 3 नवंबर को दोपहर 12 बजे उसकी मां फूलकुंवर निवासी ग्राम झरनापारा व गांव केअन्य महिलाओं के साथ रिश्तेदारी में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम सतीपारा निवासी प्रताप राजवाड़े के ऑटो क्रमांक सीजी 16 सीजे 1007 सवार होकर सूरजपुर जिले के ग्राम बसकर गए हुए थे और दशगात्र कार्यक्रम पश्चात शाम ढलने के बाद ऑटो में भी महिलाएं वापस ग्राम झरनापारा लौट रहे थे कि रात्रि में करीब 11 बजे पटना थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदिया के नकटापारा नाले में महिलाओं से भरी तेज रफ्तार ऑटो नाला में गिर गया। इस घटना में फूलकुंवर की मौके पर ही मौत हो गई तथा करीब 14 महिलाएं घायल हो गई, जिन्हें घटना पश्चात जिला अस्पताल बैकुंठपुर लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। इसी दौरान बुधवार को एक अन्य महिला वीर कुमारी को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया था, लेकिन रिफर अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही वीर कुमारी की सांसे थम गई। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो में हीराकुमारी, मानमती, सोनी एवं अन्य कुल 16 महिलाएं सवार थी।

#### एकमात्र महिला सुरक्षित बची


अस्पताल में भर्ती घायल।


दशगात्र कार्यक्रम से रात्रि में एक दर्जन से अधिक महिलाओं से भरी ऑटो जब पटना थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदिया के नकटापारा नाले में अनियंत्रित होकर गिरी, उस दौरान ग्राम झरनापारा की एकमात्र महिला मानमती पुलिया के उपर सड़क पर गिर गई थी, शेष सभी सवार ऑटो के साथ नाले में गिर गए। सुरक्षित बची महिला मानमती ने बताया कि ऑटो चालक काफी तेज गति से ऑटो को चला रहा था, इसके कारण दुर्घटना घटित हुई। घटना पश्चात वेदांति तिवारी का बड़ा लड़का लौट रहा था, जिनसे सहायता मांगी और फिर कई लोग जुटे अबौर नदी में गिरे महिलाओं को बाहर निकाल जिला अस्पताल बैकुंठपुर उपचार के लिए लाया गया।

#### एक ऑटो में डेढ़ दर्जन सवारी

कोरिया जिले में यात्री वाहनों की मनमानी पर न तो परिवहन विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही ओव्हरलोड वाहनों पर यातायात पुलिस ही कोई कार्रवाई कर रहा है। नतीजा यह देखने को मिल रहा है, लोग असुरक्षित तरीके से अपनी जॉन जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। जिले में ऑटो चालकों के द्वारा क्षमता से अधिक सवारी लेकर यहां से वहां प्रतिदिन सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं, लेकिन उन पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती, इसके कारण ऑटो चालकों की मनमानी बनी हुई है। पटना थाना क्षेत्र में जिस ऑटो चालक ने अनियंत्रित गति से वाहन चलाते हुए ऑटो को नाले में गिरा दिया ,उसमें एक दर्जन से अधिक महिलाएं सवार कर रही थी, यह समझने वाली बात है कि एक ऑटों में एक दर्जन से अधिक लोग कितने सुरक्षित तरीके से यात्रा करते रहे होंगे।

### वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर

# मदनपुर में तेंदुआ दिखने से दहशत, मिले पदचिन्ह


तेंदुए के पंजे के निशान।

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र बैकुंठपुर के कक्ष क्रमांक 514 के बीट मदनपुर में तेंदुआ देखे जाने की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। इससे पहले चिरमिरी से कोरिया कॉलरी और गेल्हापानी जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थानीय लोगों ने तेंदुए को सड़क पार करते देखा था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेंदुआ कुछ देर तक सड़क किनारे झाड़ियों में घूमता रहा और फिर जंगल की ओर बढ़ गया। अचानक वन्यजीव को सामने देखकर लोगों में डर और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। कुछ राहगीरों ने इसकी झलक मोबाइल फोन में कैद भी की, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिलते ही डीएफओ श्री परदेशी और एसडीओ अखिलेश मिश्रा के निर्देश पर कोरिया वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। वन अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में इस क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ी है, संभवतः भोजन और पानी की तलाश में तेंदुआ आबादी वाले क्षेत्र की ओर आया होगा। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि शाम और रात के समय अनावश्यक बाहर नहीं निकलें, बच्चों और पालतू जानवरों को घर से दूर न जाने दें, झाड़ियों और सुनसान रास्तों पर अकेले न जाएं, तेंदुए को देखने या उसका पीछा करने से परहेज करें। मदनपुर और उसके आसपास के इलाकों में तेंदुआ दिखने की चर्चा के बाद स्थानीय लोग काफी चिंतित हैं। कई परिवारों ने रात के समय घरों के बाहर निकलना बंद कर दिया है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि वन विभाग के साथ मिलकर क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# अवैध रेत परिवहन : तीन मिनी ट्रक जब्त


जब्त ट्रक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन मिनी ट्रक वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई तहसील सोनहत और बैकुंठपुर क्षेत्र में की गई, जहां गश्त के दौरान ये वाहन अवैध रूप से गौण खनिज रेत का परिवहन करते पाए गए। जब्ती के बाद इन वाहनों को चरचा थाना में अभिरक्षा में रखा गया है और संबंधित वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जब्त किए गए वाहन सीजी 16 सीएल 7672 मिनी ट्रक वाहन मालिक संत कुमार साहू, सीजी 16 सीजे 113 मिनी ट्रक वाहन मालिक राजकुमार साहू और सीजी 16 सी क्यू 5979 मिनी ट्रक कमलेश यादव है। इन वाहन स्वामियों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश और कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

# कोरिया के विकास माडल को लोगों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- व्यंजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जीता दिल

जिले में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का मंगलवार की देर रात्रि भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन राज्योस्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल का भरपूर आनंद लिया। अंतिम दिन की रौनक किसी बड़े मेले जैसी प्रतीत हो रही थी। सोनहत एवं बैकुंठपुर जनपद के दूरस्थ गांवों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण राज्योत्सव देखने पहुंचे। लोगों ने कोरिया में विकास के कोरिया मॉडल को नजदीक से देखने और विभागीय प्रदर्शनी में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने में गहरी रुचि दिखाई। राज्योत्सव स्थल पर पहुंची एक महिला ने बताया कि रंगारंग कार्यक्रम और प्रदर्शनी से यह समझ में आता है कि सरकार योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह उत्सव केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जानकारी और प्रेरणा का माध्यम भी है। इसी दौरान एक 25 वर्षीय युवक ने कहा कि हम पिछले तीन दिनों से यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने आ रहे हैं, इससे हमारी छग की लोक संस्कृति, नृत्य और परंपराओं को करीब से पहचानने का अवसर मिला है। राज्योत्सव के अंतिम दिन जिला स्तरीय करमा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

#### रजत जयंती राज्योत्सव का भव्य समापन



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में छग राज्योत्सव 2025 का रजत जयंती समापन अद्भुत उत्साह, सांस्कृतिक भव्यता और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन स्थल में लोककला, परंपरा, विकास और गौरव का जीवंत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। इनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, जनपद अध्यक्ष, नगर निकाय प्रमुख एवं जिले के अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर राज्य गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को विशेष रूप से बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रजत जयंती केवल उत्सव नहीं, यह छग की विकास-गाथा और जनता के परिश्रम का उत्सव है।

# वन विभाग का छापा, अवैध लकड़ी जब्त


जब्त लकड़ी।

**बैकुण्ठपुर।** शहर के महलपारा क्षेत्र में बुधवार को वन विभाग की टीम ने दबिश देकर एक व्यक्ति के यहां 13 नग कीमती इमारती लकड़ी बरामद किया। इस संबंध में किसी प्रकार की दस्तावेज नहीं होने पर वन विभाग की टीम ने 13 नग महंगी इमारती सिल्ली को जब्त कर लिया। इस संबंध में वन विभाग को मिली गुप्ता सूचना पर डीएफओ श्री परदेशी एवं उप वन मंडलाधिकारी अखिलेश मिश्रा के निर्देश पर वन परिक्षेत्राधिकारी अरविंद सोनी ने वन अमले की टीम के साथ शहर के महलपारा क्षेत्र में राजेश शर्मा नामक व्यक्ति के घर दबिश दी, जहां अवैध रूप से दो साल से साल की लकड़ी जमा करने की जानकारी थी । छापेमारी के दौरान 13 नग साल के पटरे बरामद किए गए, जिनकी मात्रा और अनुमानित कीमत काफी अधिक मानी जा रही है। वन विभाग ने मौके पर ही लकड़ी जब्त कर आरोपी के खिलाफ छग वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच चल रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. .............

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवभजन आ. स्व.किशुन जाति रजवार निवासी ग्राम पंचायत श्यामनगर, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.), के द्वारा अपने पिता स्व. किशुन आ. शिवशंकर का मृत्यु दिनांक 05/02/2009 को मृत्यु ग्राम पंचायत श्यामनगर में घर पर होने का लेख कर मृत्यु प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक 15/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।

अतः दिनांक 31/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**जरही तहसील (प्रतापपुर)**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

सरगुजा मार्केट

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,08 नवम्बर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 5 बजे से 7 बजे तक

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 दिसम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB (Ortho) MNAMS हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. राहुल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
- पेशाब में जलन
- यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
- पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
- पेशाब का रंग लाल होना
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक किडनी
- किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist Gold Medalist

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम.बी.बी.एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप

### गुणवत्ता पूर्ण करे सड़क मरम्मत का कार्य : कलेक्टर



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,पीएम आवास, स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण, घुमंतू मवेशियों के प्रबंधन, प्रधानमंत्री सूर्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर चर्चा की। सड़क मरम्मत कार्य को लेकर बैठक मे पीडब्ल्यूडी अभियंता व अन्य निर्माण एजेंसी के अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के साथ व गुणवत्ता पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि माप-तौल, परिवहन, भुगतान भंडारण और बारदाना व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित होनी चाहिए। खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय और छायादार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुआ न्योता भोज

**वाड्रफनगर।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती निशि तिर्की ने 4 नवम्बर को अपने जन्मदिवस पर बच्चों व स्टॉफ को न्योता भोज दिया।



न्योता भोज में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 315 छात्र-छात्राओं सहित हाई और हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थी एवं स्टॉफ शामिल हुए। इस दौरान मध्यान्ह भोजन के साथ ही श्रीमती तिर्की द्वारा अतिरिक्त पूरी और सब्जी उपलब्ध कराई गई। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भोज का आनंद लिया।

### खडगवा कला माझापारा में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**प्रतापपुर।** खडगवा कला माझापारा में हीरो क्लब टूर्नामेंट फुटबॉल मैच का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मैच मानपुर और खडगवा कला के बीच खेला गया। शक्कर कारखाना के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर आयाम मुख्य अतिथि एवं सुरेश चक्रधारी बीडीसी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्या सिंह ने कहां खेल के प्रति हर किसी को गंभीर होना चाहिए। पहले के जमाने से अब तक लोग विभिन्न प्रकार के खेल के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखते हैं। खेल से अपने गांव के नाम सहित जिले का नाम भी रोशन होता है और एक खिलाड़ियों की अलग पहचान बनती है। खेल से मानसिक विकार दूर होते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है। सरपंच अजय सिंह सभी टीमों को बेतरह खेल प्रदर्शन करने की बात कही।

### सरकार की लापरवाही ने फिर ली निर्दोषों की जान : परवेज आलम



**अंबिकापुर।** बिलासपुर के लालखदान रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण रेल दुर्घटना को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह घटना रेलवे की घोर लापरवाही और सरकार की निष्क्रियता का परिणाम है। जब जनता मर रही है तब भाजपा सरकार चुनावी रैलियों में व्यस्त है। लगता है इनके लिए मालगाड़ी जनता की जान से ज्यादा कीमती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारें जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ चुकी हैं। रेल हादसे अब आम हो गए हैं क्योंकि सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ कागज़ों में सीमित रह गई है। परवे आलम गांधी ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि घायलों को तत्काल उपचार की समुचित व्यवस्था की जाए मृतक परिवार को 50 -50 लाख, घायलों को 10-10 लाख दिया जाए और इस हादसे के जिम्मेदार अधिकारियों एवं रेल प्रबंधन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## पुल पर कई जगह हो गए गड्ढे, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# महान नदी पुल जर्जर, एक्सपायरी स्थिति में पुल पर हो रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



जर्जर महान पुल व सड़क।

**खास बातें**

- अंबिकापुर से वाराणसी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है पुल
- कगड्ढे और पुल की दरार से हर सप्ताह होती है दुर्घटनाएं

भैसामुडा स्थित हाईवे पर बने महानदी पुल की स्थिति इन दिनों बेहद खतरनाक हो गई है। वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा यह पुल अब किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। पुल के दोनों ओर और बीचों बीच बने गहरे गड्ढे न केवल यातायात के लिए खतरनाक हो गए है, बल्कि अब यह लोगों के धैर्य की भी परीक्षा लेने लगे हैं। पुल की जर्जर सड़क की मरम्मत नही करने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

महान नदी पर बना यह पुल अंबिकापुर से वाराणसी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिस पर दिन-रात बड़ी संख्या में वाहनों का निरंतर आवागमन बना रहता है। लगातार भारी दबाव और विभागीय लापरवाही के कारण पुल की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों और पुल की दरारों के चलते लगभग हर सप्ताह दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई लोग तो अपनी जान गंवा चुके हैं,जबकि दर्जनों घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की और जनप्रतिनिधियों तक भी बात पहुंचाई गई है लेकिन इसके बाद भी विभाग इस ओर ध्यान मुनासिब नहीं समझते जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार औपचारिक मरम्मत के नाम पर मुरुम या गिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है। कुछ दिनों तक सड़क समतल दिखाई देती है, फिर वही गड्ढे और दरारें उभर आती हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद पुल पर गड्ढे व दरारे उभर आए है जो राहगीरों के लिए काफी खतरनाक है। दिन के समय वाहन सवार गड्ढों से बच कर निकल जाते है लेकिन रात के समय राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### अंतरराज्यीय संपर्क के लिए पुल महत्वपूर्ण

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह मार्ग न केवल सूरजपुर व प्रतापपुर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। ऐसे में इस पुल का जर्जर होना न केवल क्षेत्रीय यातायात बल्कि राज्य के अंतरराज्यीय संपर्क के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐस में समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से अंतर्राज्यीय संपर्क टूट सकता है।

### करते है औपचारिकता पूरी

क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द पुल एवं सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल के किनारे बने गहरे गड्ढों को भरने की जगह, विभाग ने केवल गिट्टी डालकर औपचारिकता पूरी कर दी है। इसके अलावा सड़क पर बने गड्ढों में गिट्टी डालकर छोड़ दिया जाता है जिससे गिट्टी कुछ समय बाद सड़क पर फैल जाती है, जिससे बाइक और छोटे वाहन सवार दुर्घटना का शिकार हो जाते है। पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### अधिकारियों से करती हूं चर्चा

महान नदी पुल एवं सड़क के जर्जर हो जाने के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग से चर्चा की जाएगी। साथ गड्ढों की सुधार एवं पेच रिपेयरिंग करने की बात करती हूं।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



# छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल : रामसेवक पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- 25 वर्षों की विकास यात्रा में हासिल हुई कई उपलब्धियां

छत्तीसगढ़ न केवल धान का कटोरा है बल्कि संस्कृति का खजाना है। राज्योत्सव केवल एक उत्सव नही बल्कि यह हमारी पहचान है, हमारी परंपरा और हमारी लोक संस्कृति का सम्मान है। उक्त बातें जिला स्तरीय राज्योत्सव समापन कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कही।

उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष, प्रदेश की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई गाथा लिखी है। राज्योत्सव हमारे जीवन से जुड़ी उस माटी, मेहनत और संस्कृति का उत्सव है, जिसने छत्तीसगढ़ को विशिष्ट बनाया है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कला और संस्कृति के संरक्षण से हमारी पहचान और मजबूत हुई है। रामसेवक पैकरा ने कहा कि राज्योत्सव हमें अपने अतीत पर गर्व और भविष्य के लिए प्रेरणा देता है। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भूलन सिंह मरावी किया गया। राज्योत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लुफ्त उठाने के लिए नगरवासी बड़ी तदाद में कार्यक्रम स्थल पर पंहुचें थे। कार्यक्रम के आकर्षण स्थानीय कलाकार रहे, जिन्होंने अपने मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया। सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य के साथ साथ विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, शैलेश अग्रवाल, राजेश महलवाला शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, संत सिंह, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर , एसडीएम शिवानी जायसवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत पोड़ी में पिछले एक माह से इंटरनेट सुविधा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

- शासकीय कार्य हो रहा प्रभावित

क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी में इंटरनेट सुविधा बुरी तरह से ठप हो जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। मोबाइल टावर के काम नहीं करने से अब टॉबर मात्र शो पीस बन कर रह गई है। मोबाइल उपभोक्ताओं को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से एक कम्पनी द्वारा लगाया गया मोबाइल टावर लगाया गया है जो एक महीना से लगातार खराब है जिस कारण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है वहीं मोबाइल धारकों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत पोड़ी में लगभग तीन साल पूर्व मोबाइल धारकों सहित क्षेत्र में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाया गया है जो देखरेख के अभाव में पिछले एक माह से खराब पड़ा है। ग्रामीणों की लगातार शिकायत करने के बाद भी कंपनी द्वारा आजतक मरम्मत करने की पहल भी शुरू नहीं किया है जिससे मोबाइल धारक लोग काफी परेशान हैं। वहीं शासन का डिजिटल इंडिया का सपना भी गांव में अधर में दिखाई पड़ रही है। नेटवर्क नहीं होने के कारण गांव के सभी ऑनलाइन शासकीय कार्य भी बंद है। टॉवर की अपनी सर्कल के अंदर कोई दूसरा टावर नहीं बता रहा है इधर मोबाईल धारक टावर चालू होने की कयास लगाकर बैठे हुए है क्योंकि उनकी डेटा का पैसा बिना उपयोग किए व्यर्थ में कटते जा रहा है जिसके लिए ग्रामीणों ने सरपंच से मुलाकात कर टावर को जल्द बनवाने की मांग किया है। इस संबंध में कंपनी के इंजीनियर ने बताया कि टावर का चीफ तकनीकी समस्या के कारण खराब हो



गया है जिसका समान आ चुका है एक दिन बाद चालू हो जाएगा।

### केवाईसी में आ रही दिक्कत

आज के दौरान में मनरेगा सहित पीडीएस दुकान के अलावा अधिकांश शासकीय कार्य ऑनलाइन होती है। ऐसे में इंटरनेट सुविधा ठप हो जाने से शासकीय कार्य भी प्रभावित हो रहे है। मोबाइल टावर में आई तकनीकी खराबी के कारण मोबाइल उपभोक्ता तो परेशान है ही साथ में शासकीय कार्य जैसे मनरेगा मजदूरों का केवाईसी, पीडीएस दुकान में हितग्राहियों का केवाईसी सहित कई प्रकार के शासकीय कार्य प्रभावित हो गया है जो जिला प्रशासन के समय अनुरूप पूरा नहीं हो पा रहा है।

# पुलिया के नीचे ऑटो गिरने से गंभीर महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिया के नीचे ऑटो गिरने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। घटना के दौरान एक महिला की पहले ही मौके पर ही मौत हो गई थी। ऑटो में 12 से 15 महिलाएं सवार थी। मामले में पलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कोरिया झरनापारा निवासी वीर कुमार पति स्व. जय सिंह (47 वर्ष) 3 नवम्बर को अन्य महिलाओं के साथ प्रताप राजवाडे के ऑटो क्रमांक सीजी 16 सीजे 1007 से ग्राम बसकर दसगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। शात को सभी ऑटो से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही चालक प्रताप राजवाड़े नकटापारा पुलिया के समीप पहुंचा तभी आटो से नियंत्रण खो बैठा जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया। दुर्घटना में ऑटो सवार फूलकंवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वीर कुमार, हीरा कुमारी, मानमती, सोनी एवं अन्य महिलाएं घायल हो गई। बताया जा रहा है कि ऑटो में 12 से 15 महिलाएं सवार थी। घायलों को पटना अस्पताल से बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वीर कुमार की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत लापरवाही पड़ सकती है भारी : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



यातायात जागरूकता और यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत है क्योंकि लापरवाही के कारण एक्सीडेंट होते है और लोगों की असमायिक मृत्यु हो जाती है। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-चौकी व यातायात प्रभारी 1 से 15 नवम्बर तक यातायात जागरुकता अभियान चला रहे है जिसमें यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों को जीवन में यातायात नियम के क्या मायने है उसकी जानकारी देते हुए सीट बेल्ट लगाने एवं बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मंगलवार को पुलिस अधिकारियों ने कई स्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस ने स्कूली बच्चों, साइकिल, बस, ट्रक, ऑटो/टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन कर्मचारी और दैनिक यात्रियों को नियमों के पालन और अनुशासित सड़क उपयोग के महत्व की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों को बिना हेलमेट के वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यातायात नियमों का पालन हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु हेलमेट पहने लोगों से औरों के लिए हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन कराई जा रही है। अभियान के दौरान आम जनता का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को सड़क अनुशासन और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस अभियान के दौरान सीधे लोगों से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बता रही है। यह अभियान आगे भी नियमित जारी रहेगा ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

# ग्रैंड फिनाले में सिनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ने लहराया अपना परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बिलासपुर की राइज़ वन ग्रुप टीम बनी विजेता
- एकल डांस प्रतियोगिता के जूनियर में सूर्यांश दास व सीनियर में दिग्विजय सिंह ने मारी बाजी




अतिथियों के साथ विजेता टीम के सदस्य।

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के स्टेज पर डांस की वर्षा हुई। ग्रैंड फिनाले में सभी ने अपनी-अपनी जबरदस्त प्रस्तुति देते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रंग, रोशनी और ताल से सजे इस फिनाले में सीनियर, जूनियर और ग्रुप डांस कैटेगरी के कुल 24 फाइनलिस्ट ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा ग्रुप डांस राउंड, जिसमें बिलासपुर की राइज़ वन डांस ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया और 2 लाखा 51 हजार की इनामी राशि अपने नाम की। दूसरे स्थान पर रायगढ़ की जय माँ दुर्गा टीम रही, जिन्हें 75 हजार रुपए का पुरस्कार मिला, जबकि तीसरा स्थान झारखंड के लोहरदगा की आरआरडी ग्रुप ने प्राप्त किया, उन्हें 51 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। वहीं सीनियर सिंगल डांस श्रेणी में प्रथम स्थान दिग्विजय सिंह (वाराणसी) 1 लाख रुपए, द्वितीय स्थान धीरज थापा (मुंबई) 51 हजार , एवं तृतीय स्थान सिद्धार्थ यादव ( अंबिकापुर ) 21 हजार रुपए की राशि जीता। जूनियर सिंगल डांस श्रेणी में प्रथम स्थान सूर्यांश दास, द्वितीय स्थान सिमरन सोनी एवं तृतीय स्थान आरुषि यादव (बिलासपुर) रही। फिनाले के दौरान दुर्गा पूजन के अवसर पर आयोजित रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। सभी विजेताओं को नगद राशि और आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत किया गया, फाइनल में जगह बनाने वाले शेष सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार और नकद राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, शफ़ी अहमद, अनिल सिंह मेजर, संजय अम्बष्ट, विनोद अग्रवाल, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, निश्चल प्रताप सिंह, जन्मेजय मिश्रा, विद्यानंद मिश्रा, वीरेंद्र चौरसिया, राजेश मलिक, विनय शर्मा, सरोज साहू, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, नवीन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, नितिन बंसल, अमित गोयल, रवि अग्रवाल, संजु अग्रवाल, लवी अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह भाटिया, श्रीमती ममता तिवारी, शशिकांत जायसवाल, रविकांत उरांव, विकास सोनी, श्रीमती नीलम राजवाड़े एवं श्रीमती प्रियंका चौबे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

निर्णायक मंडल में श्रीमती प्राची जिंदल, रमेश द्विवेदी, मो. शिफ़ते हसन, अंजनी कुमार पांडेय, डॉ शलभ गुप्ता, रणविजय प्रताप सिंह, सुश्री रिमशा श्रीवास्तव, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती वंदना दत्ता, श्रीमती श्वेता सिन्हा, डॉ. शबनम ख़ानम, विनायक पांडेय एवं श्रीमती रमिंदर कौर शामिल थे। ग्रैंड फिनाले का माहौल उत्साह और जोश से भरपूर रहा। मंच की रंगीन सजावट, संगीत की गूंज और दर्शकों की तालियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों के साथ-साथ विदेशी प्रतिभागियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, लालजी साहू सहित संस्था के सभी कर्मठ सदस्यों की भूमिका रही।

### अनोखी सोच नेशनल डांस स्पर्धा में शिवनन्दनपुर की सिमरन ने हासिल किया दूसरा स्थान

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के तलवापारा निवासी 9 वर्षीय सिमरन सोनी ने अनोखी सोच के नेशनल डांस स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है,गौरतलब है कि सिमरन सोनी नगर के राजकुमार पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 वीं की छात्रा हैं,जिसने हाल ही में अंबिकापुर में आयोजित अनोखी सोच द्वारा आयोजित नेशनल लेवल डांस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है,उक्त स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया,जिनमें से सुरजपुर जिले से केवल सिमरन सोनी ही चयनित हुई,बिना किसी प्रोफेशनल ट्रेनिंग या कोरियोग्राफर की मदद के सिमरन ने अपनी मेहनत, लगन और नृत्य के प्रति जुनून के दम पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है,सिमरन के पिता रंजीत सोनी और माता नीतू सोनी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद वे अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने जिलेवासियों और प्रशासन से आह्वान किया है कि वे सिमरन को प्रोत्साहन व सहयोग दें ताकि यह नन्ही प्रतिभा आगे चलकर सूरजपुर जिले के अलावा प्रदेश का नाम राष्ट्रीय मंचों पर भी रोशन कर सके।



## खबर संक्षेप



### बालिकाओं ने खो खो प्रतियोगिता में दिखाया जौहर

**भैयाथान।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भैयाथान की बालिकाओं ने खो खो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भैयाथान की पांच बालिका सुनीता, सावित्री,अंजलि, अंगिता,रोशनी का चयन बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खो खो अंडर 14 हेतु किया गया है। सभी खिलाड़ी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता भैयाथान जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शंकरगढ़ में अच्छे खेल का प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल की। इससे पूर्व भी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैयाथान की छह बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई थी जो की कस्तूरबा गांधी आवासीय परिसर की है। कोच संजय यादव ने बताया कि बच्चों के कड़ी मेहनत एवं एबीओ घनश्याम सिंह, बीआरसी सुरेंद्र दुबे एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के अधीक्षिका लिली कल्याणी, करुणा बड़ा एवं सभी स्टाप के सहयोग से ही संभव हो सका है। जिले के खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन से जिले का नाम रौशन कर रही है।

### चलती ट्रेन से गिरा युवक उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** चलती ट्रेन से गिरने तथा ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार महामाया मंदिर समीप निवासी राजीव मानिकपुरी आ. राम किशोर (37 वर्ष) मंगलवार की सुबह ग्वालियर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा। युवक ट्रेन में बैठा था तभी चलती ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे ट्रेन की चपेट में आने से हाथ व पैर कट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### धूमधाम से मनाया गया सिख समाज...

जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 से 12 बजे तक ज्ञानी छतर सिंह एवं जथेदार साथियों द्वारा रसपूर्ण शबद कीर्तन से हुई जिसमें उन्होंने गुरु नानक देव जी के उपदेशों का संदेश देते हुए उपस्थित संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने समस्त नगरवासियों को गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश नाम जपो, किरत करो, वंड छको आज भी भारत की आत्मा और देशभक्ति की नींव है। इसके पश्चात महिलाओं एवं बच्चों द्वारा 12 से 1.30 बजे तक विशेष शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। मीडिया प्रभारी सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा ने बताया कि प्रकाश पर्व के अवसर पर सरदार जतिंदर सिंह सोढ़ी, डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा, सरदार महेंद्र सिंह टुटेजा, अजय मिश्रा, चंद्र भूषण मिश्र ने गुरु नानक देव जी के जीवन, उपदेशों और देशभक्ति की भावना पर अपने विचार रखे। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, सांसद चिंतामणि महाराज, कलेक्टर, एसएसपी राजेश अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी सहित अन्य ने माथा टेका और नगर वासियों को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के उपरांत गुरु का पवित्र लंगर दोपहर 12 बजे से निरंतर चलता रहा, जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी श्रद्धा और प्रेम से भाग लिया। लंगर में शामिल होना एकता और भाईचारे का सजीव प्रतीक बना। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा, सचिव हर्षदीप सिंह धंजल, कोषाध्यक्ष प्रीतपाल सिंह मथारू सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## निधन

### चंद्रप्रताप सिंह



**अम्बिकापुर।** शहर के नमनाकला निवासी वरिष्ठ पत्रकार चंद्रप्रताप सिंह आ.स्व.रूद्रप्रताप सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उन्होंने लम्बे समय तक स्थानीय दैनिक अम्बिकावाणी के संपादक की जिम्मेदारी संभाली। मंगलवार को दोपहर में उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। इस दौरान मल्टिपल ब्लड क्लॉटिंग की समस्या आने पर चिकित्सकों ने उन्हे रायपुर रिफर कर दिया था। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दोपहर में उन्होंने अंतिम सांसे ली। वे हाउसिंग बोर्ड के एसडीओ सूर्य प्रकाश सिंह के ज्येष्ट भ्राता थे। उनका अंतिम संस्कार आज शंकरघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### कृष्ण मुरारी गुप्ता



**बिश्रामपुर।** कुंजनगर पंचायत के रेलवे स्टेशन चौक निवासी कृष्ण मुरारी गुप्ता (पप्पू) का 58 वर्ष की आयु में बुधवार प्रातः निधन हो गया,वे करीब दो वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे, बुधवार की प्रातः उनकी सांसे थम गई,उनका रिंहद नदी स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया,वे डाकघर अभिकर्ता राजू गुप्ता,शंकर गुप्ता के अनुज भ्राता तथा विशाल गुप्ता व अभिषेक गुप्ता के पिता थे।

## चार महीने बाद 20 अक्टूबर को शुरू हुई थी फ्लाइट

# पांच दिन फ्लाइट चलाने के बाद फ्लाइ बिग ने फिर से अनिश्चित काल के लिए निरस्त की उड़ान सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दस महीने में पांच महीने मिली सुविधा

शासन से सरगुजा को मिली हवाई सफर की सेवा पर ग्रहण लग गया है। चार महीने के लम्बे इंतजार के बाद शुरू हुई हवाई सफर की सुविधा पांच दिन तक संचालित करने के बाद फ्लाई बिग ने फिर से वैधानिक कारणों से अनिश्चितकाल के लिए उड़ान को रद्द कर दिया है। फ्लाई बिग दोबारा हवाई सफर की सेवा कब तक शुरू करेगी इसको लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

लम्बे इंतजार के बाद शासन द्वारा 19 दिसम्बर 2024 को बड़ी सौगात के रूप में सरगुजा को दी गई हवाई सफर की सेवा पर ग्रहण लग गया है। फ्लाइबिग ने राज्य सरकार से करार करने के बाद उड़ान सेवा प्रारंभ तो कर दिया लेकिन सेवा को नियमित रखने में सफल हो सकी। उड़ान का समय भी सरगुजावासियों की सुविधा के अनुकूल नहीं होने के कारण हवाई सेवा का लाभ नहीं मिल सका। उड़ान को लेकर फ्लाईबिग भी कभी गंभीर नहीं लगी। बिना सूचना फ्लाइट निरस्त करना, कई दिनों तक सेवा बंद रखना, यात्री सुविधाओं की अवहेलना करने के कारण लोग उड़ान सेवा से दूर होने लगे। हालांकि लोगों द्वारा हवाई सेवा से दूरी का कोई असर फ्लाइबिग की कमाई पर नहीं पड़ा राज्य सरकार से पर्याप्त आर्थिक मदद मिलने के कारण उसे सवारियों के बिना भी कमाई होती रही। यह बात अलग है हवाई सेवा के मनमानी संचालन के कारण उसे लगातार लोगों की आलोचना का सामना करना पड़ा। अव्यवस्था पर अथॉरिटी भी उसे बार-बार नोटिस देती रही। इतना सबकुछ होने के बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं हुआ। बारिश शुरू होने पर फ्लाई बिग ने बरसात के दौरान दृश्यता कम होने का हवाला देकर उड़ान पर रोक लगा दी थी। प्रारंभ में तो वह सेवा शुरू करने की तिथि बार-बार बढ़ाती रही बाद में इसे अनिश्चित काल के लिए रोक दिया गया। दोबारा फ्लाई बिग ने 20 अक्टूबर को उड़ाने शुरू की। सेवा प्रारंभ होने संबंधी अग्रिम सूचना नहीं होने के कारण पांच दिनों तक खाली फ्लाइट फेरा लगाती रही। इस दौरान नये शेड्यूल के अनुसार फ्लाई बिग ने पांच दिनों तक फ्लाइट का संचालन किया। यह भी जानकारी दी गई कि फ्लाइ बिग ने डीजीसीए के पास पूरे सप्ताह फ्लाइट चलाने की अनुमति मांगी है जो अंतिम चरण में है। पूरे सप्ताह फ्लाइट चलाना तो दूर फ्लाई बिग ने फिर से अनिश्चित काल के लिए उड़ान को रद्द कर दिया है।



### बताया है वैधानिक कारण

सूत्रों के अनुसार फ्लाइ बिग ने एयरपोर्ट प्रबंधन को मेल भेजा है जिसमें वैधानिक प्रक्रियाओं के कारण अनिश्चितकाल के लिए उड़ान निरस्त होने की सूचना दी गई है। दूसरी तरफ सूत्र फ्लाई बिग के पास आवंटित हवाई मार्ग के अनुरूप हवाई जहाज एवं क्रू मेंबर नहीं होने को कारण बता रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि फ्लाई बिग के पास कम हवाई जहाज एवं क्रू मेंबर होने के कारण वह बीच-बीच में एक मार्ग की फ्लाइट बंद कर दूसरे मार्ग से फ्लाइट संचालित कर रही है। जिसके कारण इस तरह की समस्या हो रही है। भविष्य में भी स्थिति में कोई सुधार होगा इसका भरोसा नहीं है।

### दूसरी एयरलाइन को मिल सकती है जिम्मेदारी

यह भी चर्चा है कि फ्लाइ बिग किसी दूसरी एयरलाइन को आरसीएस के तहत अम्बिकापुर-रायपुर एवं बिलासपुर मार्ग पर फ्लाइट चलाने की जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी में है किस एयरलाइन को यह जिम्मेदारी सौंपी जा रही है अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। अगर ऐसा होता है तो नई एयरलाइन को फ्लाइबिग से करार करने के बाद नए सिरे से डीजीसीए के पास अपना पंजीयन कराना पड़ेगा। पंजीयन उपरांत एयरलाइन को डीजीसीए की सुरक्षा संबंधी आवश्यक जांच से गुजरना पड़ेगा जिसमें लम्बा समय लगने की संभावना है। स्थिति जो भी हो उड़ान सेवा का लाभ स्थानीय लोगों को मिले इसके लिए फ्लाइट के समय में बदलाव करना जरूरी है। सरगुजा का कोई भी व्यक्ति फ्लाइट का सफर रायपुर एवं बिलासपुर रात्रि विश्राम के लिए नहीं करेगा।

### नहीं मिली है सूचना

फ्लाई बिग ने वैधानिक प्रक्रिया का हवाला देकर अनिश्चित काल के लिए फ्लाइट निरस्त करने की सूचना दी है। सेवा कब शुरू होगी इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।
-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट

# सट्टा कारोबारी आयुष सिन्हा के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सट्टा कारोबार के मामले में फरार चल रहे दीप सिन्हा के खिलाफ न्यायालय ने नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने आरोपी को 11 नवंबर तक न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह नोटिस दूसरे व्यक्ति के आधार कार्ड से बैंक खाता खोलकर सट्टा कारोबार चलाने के मामले में जारी किया गया है। बता दें कि शहर सहित सरगुजा में बड़े पैमाने पर सट्टा का कारोबार चलाने के मामले में आयुष सिंह उर्फ दीप सिन्हा आ. स्व. त्रिभुवन सिन्हा का नाम सामने आ चुका है। दीप सिन्हा सट्टा कारोबार में लम्बे समय से फरार चल रहा है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। इस बीच पुलिस ने सत्तीपारा निवासी 24 वर्षीय रितिक मंदिलवार उर्फ बमफोड़ आ. विमल मंदिलवार को भी गिरफ्तार किया था। आरोपी रितिक मंदिलवार ने दूसरे व्यक्ति का आधार कार्ड लेकर फर्जी दस्तावेज से अलग अलग बैंकों में अलग अलग लोगों के नाम से खाते खुलवाए और इन खातों का उपयोग सट्टा कारोबार में लेनदेन के लिए किया जाता था। इस प्रकरण में पुलिस ने आरोपी रितिक मंदिलवार को धारा 7, 8 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 व 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि 66सी, 66डी आईटी एक्ट अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था जबकि आरोपी आयुष सिन्हा फरार चल रहा है। इसी प्रकरण में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय गिरवर सिंह राजपूत ने आरोपी आयुष सिन्हा को उक्त प्रकरण में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के अंतर्गत 11 नवम्बर की सुबह 11 बजे तक न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

## संघ ने की भर्ती विज्ञापन जारी करने की मांग

**अम्बिकापुर।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रिक्त पदों के लिए जारी विज्ञापन में मानव संसाधन नीति के अनुसार संशोधन करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में मानव संसाधन नीति 2018 की अवहेलना की गई है। मानव संसाधन नीति में अंतिम चयन सूची तैयार करने के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत अनुभव का अंक 10,15 एवं परीक्षा व साक्षात्कार 20 अंक को संशोधित कर लिखित एवं साक्षात्कार को विलोपित किया गया है। नई नीति में शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं कौशल परीक्षा के अंक के आधार पर चयन सूची तैयार करने निर्देशित किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के भर्ती विज्ञापन में लिखित, कौशल, साक्षात्कार शब्द का उपयोग किया गया है। विज्ञापन के न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का निर्धारण नहीं किया गया है। उन्होंने भर्ती विज्ञापन को निरस्त कर संशोधित विज्ञापन जारी करने की मांग की है।

# कोल इंडिया के माइन क्लोजर सेल के अधिकारियों ने बंद ओसीएम खदान का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर के अभ्युदय सन 1960 से संचालित बिश्रामपुर ओसीएम खदान जो कोयले का भंडार समाप्त हो जाने के बाद 2016 से बंद पड़ी हुई है।यहां बुधवार को कोल इंडिया के माइन क्लोजर सेल कोलकाता सहित एसईसीएल की तीन सदस्यीय टीम पहुंच कर बंद पड़ी बिश्रामपुर ओसीएम खदान का निरीक्षण किया,बताया जाता है कि कुल 1472 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले बिश्रामपुर ओसीएम खदान का कोयला रिजर्व खत्म हो जाने के बाद प्रबंधन ने वर्ष 2016 में इस खदान को बंद करने के लिए डीजीएमएस सहित शीर्ष प्रबंधन को पत्र लिख आधिकारिक रूप से इसके बंदी की प्रक्रिया शुरू की थी।

बुधवार को कोल इंडिया कोलकाता क्लोजर माइनिंग सेल के अधिकारी जीएम माइनिंग आरपी दास के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बिलासपुर के रघुराज सिंह मुख्य प्रबंधक खनन सहित एक अन्य अधिकारी यहां पहुंचकर स्थानीय अधिकारियों के साथ खदान क्षेत्र का निरीक्षण किया है,बताया गया कि माइन क्लोजर सेल के अधिकारी यहां केंद्र सरकार कोयला मंत्रालय के निर्देश पर उत्पादन के बाद अनुपयोगी पड़े इस बड़े भू -भाग में पर्यावरण सहित सामाजिक अवधारणा, वित्तीय पोषण का जायजा लिया ताकि आगे इस पर प्लानिंग कर इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा सके जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर सहित पर्यावरण सहित सामाजिक परिवेश बेहतर हो सके,बता दें कि वर्तमान में इसी खदान क्षेत्र में केनापारा पर्यटन स्थल फीस प्वाइंट सहित सोलर पैनल प्लांट और राखड़ डंपिंग का कार्य किया जा रहा है,टीम के अधिकारियों ने इन तीनों स्थलों की मौजूदा स्थिति का आकलन कर सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की और आगे की कार्ययोजना पर मंथन किया,निरीक्षण के बाद क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह की तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरणीय संरक्षण,पर्यटन पुनरोद्धार और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया,ज्ञात हो कि केनापारा पर्यटन स्थल जो मछली पालन के साथ कभी स्थानीय निवासियों और बाहर से आने वाले सैलानियों के आकर्षण का केंद्र था,आज अपनी उपेक्षा की मार झेल रहा है,जर्जर बेंच, टूटे झूले और यहां अव्यवस्था इसकी पुरानी पहचान को धुंधला कर रही हैं। टीम ने पर्यटन केंद्र का निरीक्षण किया।टीम ने यह भी सुझाव दिया कि पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाली योजनाएं जैसे ईको कैफे, बोटिंग, साइकिल सफारी, और हैंडीक्राफ्ट बिक्री केंद्र शुरू किए जा सकते हैं, निरीक्षण उपरांत हुई बैठक में पर्यावरण विभाग के अधिकारी रघुराज सिंह, बी.घोष,प्रवीण ओहदार,आरपी दास सहित क्षेत्रीय प्रबंधन के अधिकारी आशीष बैगल, एसओसी सिविल राविन खलखो,सर्वे अधिकारी सुनील गुप्ता, पर्यावरण नोडल अधिकारी गौतम दत्त, सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह व अन्य उपस्थित रहे। टीम के अधिकारियों ने कहा कि केनापारा क्षेत्र न सिर्फ पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन का भी प्रमुख केंद्र हो सकता है। यहां के प्राकृतिक संसाधनों और हरियाली को संरक्षित करते हुए ऐसा विकास हो, जिससे क्षेत्र के लोग आर्थिक रूप से भी सशक्त बन सकें। टीम ने यह भी तय किया कि केनापारा के जीर्णोद्धार कार्यों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि लोग स्वयं अपने क्षेत्र के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। आने वाले समय में यहां सौंदर्यीकरण व अन्य कार्य किए जाने की योजना है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यदि कोल इंडिया के सहयोग से केनापारा फिर से अपने पुराने रूप में लौटेगा तो यह क्षेत्र के पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा और युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा।

### 20 मेगावाट के सोलर प्लांट का भी अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बताया गया कि यहां सोलर से उत्पादित बिजली को ग्रिड को बेचा जा रहा है,क्षेत्रीय प्रबंधन जितनी बिजली सीएसईबी से लेता है उत्पादित बिजली को बेचने के बाद शेष राशि को प्रबंधन सीएसईबी को भुगतान करता है।फिलहाल कोल इंडिया अधिकारियों की इस विजिट के बड़े मायने भी निकाले जा रहे हैं ताप विद्युत परियोजनों से निकले राखड को डंप कर पूरे भूभाग को समतल के बाद सरकार यहां स्थानीय स्तर पर रोजगार विकसित करने कोई बड़ा प्रोजेक्ट भी डाल सकती है।इन्हीं संभावनाओं पर विचार करने अधिकारियों का दौरा खासा महत्पूर्ण माना जा रहा है जो आगामी दिनों में कोयलांचल बिश्रामपुर का भाग्य भी संवार सकता है क्योंकि वर्तमान में कोयला खदानों के बंद हो जाने दूर दूर खदान खुलने के बाद क्षेत्र की स्थिति खासी बिगड़ गई है।रोजगार और व्यापार के संकट के साथ यहां के लोग अब पलायन को मजबूर हो रहे हैं।अधिकारियों का दौरा क्षेत्रवासियों के लिए नई उम्मीद लाया है।

# श्याम महोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु

श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर श्याम मंडल द्वारा बुधवार को श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई साथ ही श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया।

श्याम मंडल द्वारा बुधवार को श्याम महोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे राम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में अग्र समाज के युवक एवं बड़ी संख्या में महिलाएं निशान लेकर चल रही थी। श्याम बाबा की झांकी के साथ अलग-अलग रूपों में सजे कलाकार लोगों के आकर्षण के केंद्र बने रहे। शोभायात्रा जयस्तंभ चौक, महामाया चौक, संगम चौक, घड़ी चौक, बनारस चौक का भ्रमण करते हुए श्याम मंदिर पहुंची जहां सभी ने विधि विधान से मंदिर में मत्था टेका तथा बाबा का आशीर्वाद लिया। लोगों ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया तथा श्रद्धालुओं को जलपान कराया। इस अवसर पर बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया था। पूजा-आरती उपरांत अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई। श्रद्धालुओं ने बाबा को विभिन्न 56 पकवानों का भोग चढ़ाया। इस दौरान पूरे दिन विविध कार्यक्रम चलते रहे। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत श्याम मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को श्याम रसोई का प्रसाद परोसा गया। प्रसाद परोसने का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस दौरान भजन संध्या में बाहर से आए कलाकारों ने श्याम बाबा के आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान श्याम मंडल के पदाधिकारी सुबह से देर रात तक कार्यक्रम में व्यस्त रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# दो कर्मचारियों के घर से 500 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रशासन की सख्ती का असर कोचियों पर नहीं पड़ रहा है। प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार छापामार कार्रवाई कर कोचियों द्वारा संग्रहित धान को जब्त कर रही है इसके बावजूद कोचिए लगातार यूपी एवं झारखण्ड से धान मंगा रहे हैं। क्षेत्र के किसान भी कोचियों की जमकर मदद कर रहे हैं। राजस्व एवं मंडी समिति की संयुक्त टीम ने रामानुजगंज तहसील अंतर्गत ग्राम कुंदरू एवं मेधुली में कोचियों के दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई के तहत 500 बोरी अवैध धान जब्त करने में सफलता पाई है।

ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम कुदरू निवासी रमाशंकर यादव के घर की जांच की तो घर के एक कमरे में 200 बोरी अवैध धान मिला। इसी तरह ग्राम मेधुली निवासी आलोक के घर से टीम ने 300 बोरी अवैध धान को जब्त किया है। दोनों कोचियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम की कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व मंगलवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने ग्राम चेरा निवासी बैजनाथ यादव के घर से 43 बोरी अवैध धान जब्त किया था। यूपी एवं झारखण्ड से कम दर में धान उपलब्ध होने के कारण कोचिए जंगल के रास्ते लगातार बाहर का धान मंगा रहे हैं। कोचिए समिति प्रबंधकों से मिलीभगत कर कमीशन के आधार पर किसानों के नाम से धान खपाकर मोटी कमाई करते है।

### घर में भंडारित अवैध 43 बोरी धान जब्त

अबलरामपुर जिले में अवैध धान के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। तस्कर बेखौफ होकर धान की तस्करी करने के साथ ही इसका भंडारण भी कर रहे है। ऐसे में कलेक्टर बलरामपुर राजेन्द्र कटारा ने धान के अवैध परिवहन व संग्रहण पर सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के सख्त निर्देश दिये हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में कार्रवाई का सिलसिला जारी है और अब तक भारी मात्रा में धान जब्त किया गया है। इस बीच अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग की टीम के द्वारा ग्राम चेरा में अवैध रूप से भण्डारण किए गए धान को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चेरा निवासी बैजनाथ यादव के घर में 43 बोरी धान अवैध रूप से भण्डारण किया गया था जिसे राजस्व टीम ने जब्त कर मण्डी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी-93406-38884
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
11 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
राशि: स्लीपर-19501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)